दिनांक 06.07.2019

स्वच्छ भारत अभियान	स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

डेंगू की रोकथाम एवं नियंत्रण के लिए स्वच्छता कर्मचारियों ने लिया प्रशिक्षण

भिलाईनगर/नगर निगम भिलाई के सभागार में आज डेंगू के रोकथाम के लिए निगम के स्वास्थ्य अमले को जिला स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मच्छरों के प्रकार उनके उत्पन्न होने के स्थान के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुए उसके बचाव के बारे में बताया गया। निगम आयुक्त श्री सुंदरानी के निर्देशानुसार स्वास्थ्य विभाग द्वारा सभागार में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में निगम के स्वच्छता निरिक्षकों सहित सभी कर्मचारी उपस्थित रहे जिन्हें डेंगू के रोकथाम करने वाली दवाई कंपनी के प्रतिनिधियों ने बताया कि डेंगू के मच्छर दिनभर सक्रिय रहते है, इसलिए इनसे खतरा ज्यादा रहता है। विशेषज्ञों ने सफाई कर्मचारियों को बताया कि स्थिति को पहचानकर तीन तरीकों से नष्ट किया जा सकता है। पहला घर के आस पास स्थिर पानी में दवाई छिड़काव कर, दूसरा हवा में धुआं का छिड़काव कर एवं कोल्ड फाॅगिंग की विधि अपना कर नष्ट की जा सकती है।	कर्मचारियों ने सीखा बेहतर ट्रीटमेंट प्रशिक्षण कार्यक्रम में रायपुर की एक दवाई कंपनी से आए प्रतिनिधियों ने प्रोजेक्टर के माध्यम से बताया कि डेंगू , मलेरिया और अन्य मच्छर कैसे और किन स्थानों पर पनपते है , एक ही जगह ज्यादा समय तक जल ठहराव होने के बाद पनपने वाले मच्छर की उम्र, उनकी सक्रियता को पहचानना और उनके अनुरूप दवाईयों के बेहतर ट्रीटमेंट करने की विधि को क्रमशः बताया गया। इस दौरान प्रतिनिधियों के साथ सफाई कर्मचारियों ने दवाई छिड़काव के दौरान आने वाली समस्याओं को बताकर उनके तरीकों को बताते हुए प्रत्येक दवाई को किस स्थान पर कितने मात्रा में छिड़काव करना है, इसकी भी जानकारी दी गई।प्रशिक्षण कार्यक्रम में निगम आयुक्त एस.के. सुन्दरानी ने कहा कि सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षक प्रतिदिन वस्तुस्थिति की जानकारी देवें , डेंगू के मच्छर बेहद खतरनाक होते है तथा इन मच्छरों के सक्रियता का समय है इसलिए सभी कर्मचारी इस संवेदनशील समय में सभी मिलकर डेंगू मुक्त भिलाई बनाने में सहयोग करें। प्रशिक्षण में महापौर परिषद के सदस्य व स्वास्थ्य प्रभारी लक्ष्मीपति राजू,उपायुक्त टी.पी. लहरे ,प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेंद्र मिश्रा , प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली, सभी जोन के स्वच्छता निरीक्षक, सहायक स्वच्छता निरीक्षक, स्वच्छता एंबेसडर, स्वच्छता सुपरवाईजर सहित स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

जनसम्पर्क अधिकारी